**NEWS CLIPPING:05.04.2022**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## JC BOSE UNIVERSITY WELCOMED INDIAN NEW YEAR WITH YAJNA



**FARIDABAD :** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad today welcomed the Indian New Year (Nav-Samvatsar) Vikram Samvat 2079 with gaiety and enthusiasm, and performed Yajna Ritual to pray for peace and prosperity. Also, a lecture session on the historical and scientific basis of the Indian New Year was also organized to mark the occasion. Prof. Om Prakash Pandey, Former Scientific Advisor to Prime Minister was keynote speaker on this occasion and gave a lecture on the historical and scientific basis of the Indian New Year.

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.04.2022**

# AAJ SAMAJ

## भारतीय नववर्ष का हर्षोल्लास के साथ स्वागत



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज भारतीय नववर्ष (नव-संवत्सर) विक्रम सम्वत 2079 का स्वागत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में शांति एवं समृद्ध के लिए हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय नववर्ष के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक आधार को लेकर विस्तार से चर्चा भी की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. ओम प्रकाश पांडेय ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय नव वर्ष के ऐतिहासिक और वैज्ञानिक आधार पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। इस मौके पर शिक्षाविद् डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. अनुराग मिश्रा और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया तथा सत्र का संयोजन विवेकानंद मंच द्वारा किया गया। प्रो. पांडे ने युवाओं को भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक आधार पर शोध करने के लिए प्रेरित किया और भारतीय कैलेंडर की प्रासंगिकता और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। भारतीय नववर्ष की ऐतिहासिकता एवं वैज्ञानिकता प्रो. पांडेय ने कहा कि नव-संवत्सर प्राचीन मनीषियों और भारतीय खगोल-शास्त्रियों के सूक्ष्म चिन्तन-मनन के आधार पर की गई कालगणना के अनुसार पूर्णतः वैज्ञानिक एवं प्रकृति-सम्मत है। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. तोमर ने शैक्षणिक पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में मानवीय मूल्यों को विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्य और राष्ट्रीय मूल्य किसी भी शिक्षा प्रणाली के मूल तत्व हैं।

**NEWS CLIPPING:05.04.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस में भारतीय नववर्ष का स्वागत

## भारतीय नववर्ष की ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर हुई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति प्रो. ओम प्रकाश पांडेय को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. एसके तोमर।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत 2079 का स्वागत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। विवि परिसर में हवन का आयोजन किया गया।

भारतीय नववर्ष के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक आधार को लेकर विस्तार से चर्चा भी की गई। प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. ओम प्रकाश पांडेय ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय नव वर्ष के ऐतिहासिक और वैज्ञानिक आधार पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। शिक्षाविद् डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. अनुराग मिश्रा और कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया तथा सत्र का संयोजन विवेकानंद मंच द्वारा किया गया। प्रो. पाण्डे ने युवाओं को भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक आधार पर शोध करने के लिए प्रेरित किया और भारतीय कैलेंडर की प्रासंगिकता और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। भारतीय नववर्ष की वैज्ञानिकता प्रो. पांडेय ने कहा कि नव-संवत्सर प्राचीन मनीषियों और भारतीय खगोल-शास्त्रियों के सूक्ष्म चिन्तन-मनन के आधार पर की गई कालगणना के अनुसार पूर्णत: वैज्ञानिक एवं प्रकृति-सम्मत है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:05.04.2022**

# AMAR UJALA

# भारतीय संस्कृति पर गर्व एवं अभिमान करें : प्रो. पांडेय

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) द्वारा सोमवार को भारतीय नववर्ष (विक्रम संवत 2079) का स्वागत समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। विवि परिसर में शांति एवं समृद्ध के लिए हवन आयोजित किया गया। भारतीय नववर्ष के ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक आधार पर चर्चा कर छात्रों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. ओम प्रकाश पांडेय प्रो. पांडेय ने कहा कि भारतीय नववर्ष राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहर का दिन दिन है। हमें भारतीय संस्कृति पर गर्व एवं अभिमान करना चाहिए।

उन्होंने ऐतिहासिक और वैज्ञानिक आधार पर व्याख्यान दिया। व्याख्यान सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की। इस मौके पर



हवन करते कुलपति प्रो. एस के तोमर।

## विवि में भारतीय नववर्ष स्वागत समारोह में दिखी रौनक

शिक्षाविद् डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज, दिल्ली विवि से प्रो. अनुराग मिश्रा और जेसी बोस केकुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग मौजूद रहे। युवा कल्याण मामलों के निदेशक डॉ. प्रदीप डिमरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। संयोजन विवेकानंद मंच द्वारा किया गया। प्रो. पांडेय ने भारतीय संस्कृति के वैज्ञानिक आधार पर शोध करने के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING:05.04.2022**

# NAVBHARAT TIMES

## भारतीय नववर्ष का किया स्वागत

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) की ओर से भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2079 का स्वागत हर्षोल्लास से किया गया। इस उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में शांति एवं समृद्ध के लिए हवन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार प्र. ओम प्रकाश पांडेय ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय नववर्ष के बारे में बताया।